पूर्व रेलवे में स्थानापन्न कर्मचारी

1972. श्री रामावतार शास्त्री : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूर्व रेलवे के विभिन्न डिवीजनों में पृथक-पृथक कितने स्थानापन्न कर्मचारी हैं ;

(ख) ऐसे कितने रेलवे कर्मचारी हैं जो एक वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं ;

(ग) क्या उन्हें स्थानापन्न रखने के लिए रेलवे बोर्ड ने कोई समय-सीमा निर्धारित की है ;

(घ) यदि हां, तो वह समय-सीमा कितनी है ;

(ङ) क्या दानापुर के स्थानापन्न यातायात कर्मचारियों ने रिक्त पदों पर उनकी नियुक्ति की जाने के बारे में पूर्व रेलवे के महा प्रबन्धक और दानापुर डिवीजन के प्रभागीय अधीक्षक को एक ज्ञापन भेजा है; और

(च) यदि हां, तो उसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (च) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

शेखपुरा (बिहार) में पत्थर कूटने का कारखाना

1973. श्री रामावतार शास्त्री : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे प्रशासन ने बिहार राज्य में मुंगेर जिले में शेखपुरा में पत्थर कूटने का एक कारखाना स्थापित किया था ;

(ख) क्या यह कारखाना पिछले 40 वर्षों से वहां चल रहा था ;

(ग) क्या उस कारखाने में पत्थर कूटने के लिये एक ठेकेदार के माध्यम से 1500 मजदूरों की सेवाओं का उपयोग किया जाता था ;

(घ) क्या यह भी सच है कि इस वर्ष रेलवे प्रशासन ने न तो ठेकेदार के माध्यम से और न ही विभागीय तौर पर पत्थर कूटने का कार्य करवाया, जिसके फलस्वरूप 1500 मजदूर बेकार हो गये हैं ;

(ङ) यदि हां, तो उस कारखाने में काम बन्द होने के क्या कारण हैं ; और

(च) क्या इन बेरोज़गार मजदूरों को रेलवे में कोई दूसरा काम देने का सरकार का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे-मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) से (ङ) : रेलें ठेकेदारों के जरिये अपनी आवश्यकतानुसार गिट्टी मंगाती हैं । शेखपुरा खुदान से जहां ठेकेदार लगभग 600 मजदूरों को काम पर रखते थे, वर्तमान ठेकों के अनुसार सप्लाई दिसम्बर, 67 में ही पूरी हो गयी है और आगे सप्लाई अगले वित्त वर्ष में ली जायगी ।

(च) जी नहीं । ठेके की समाप्ति पर ठेकेदारों के मजदूरों को रेलवे में नौकरी नहीं दी जाती ।

हथीदा स्टेशन

1974. श्री रामावतार शास्त्री : क्या **रेलवे मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व रेलवे में हथीदा स्टेशन में तृतीय श्रेणी का कोई विश्राम कक्ष नहीं है ।

(ख) क्या वहां पेय जल की सप्लाई के लिए कोई व्यवस्था नहीं है ;